उत्तर प्रदेश शासन
उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-2
संख्या-20/2016/सीपी 524/84-2-2016-सीपी 12/2011
लखनऊ : दिनांक : 22 अगस्त, 2016

कार्यालय ज्ञाप

श्रीमती प्रीति त्रिपाठी पत्नी श्री अरविन्द चतुर्वेदी, डी-59/371, जयप्रकाश नगर, सिगरा, वाराणसी की नियुक्ति शासन की अधिसूचना संख्या-सीपी 497/84-2-2011-सीपी 12/2011, दिनांक 23 नवम्बर, 2011 द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम, इटावा में महिला सदस्य (पूर्णकालिक) के पद पर की गयी थी। कालान्तर में शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-सीपी 109/84-2-2013-सीपी 8/2012, दिनांक 11 मार्च, 2013 द्वारा श्रीमती प्रीति त्रिपाठी का स्थानान्तरण उनके स्वयं के अनुरोध पर जिला उपभोक्ता फोरम, गाजियाबाद के महिला सदस्य (पूर्णकालिक) के पद पर की गयी थी।

2. निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-2138/एससीडीआरसी/अधि/143/11, दिनांक 27 जुलाई, 2016 द्वारा श्रीमती प्रीति त्रिपाठी के पत्र दिनांक 06 जुलाई, 2016 की प्रति उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया गया कि श्रीमती प्रीति त्रिपाठी द्वारा अपने पति का स्थानान्तरण लखनऊ हो जाने के कारण जिला उपभोक्ता फोरम, गाजियाबाद के महिला सदस्य (पूर्णकालिक) के पद से त्यागपत्र प्रस्तुत किया गया है। निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा श्रीमती प्रीति त्रिपाठी, महिला सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, गाजियाबाद का त्यागपत्र स्वीकार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3. अतः उपर्युक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त जिला उपभोक्ता फोरम, गाजियाबाद की महिला सदस्य के पद से श्रीमती प्रीति त्रिपाठी पत्नी श्री अरविन्द चतुर्वेदी, डी-59/371, जयप्रकाश नगर, सिगरा, वाराणसी द्वारा स्वेच्छा से दिये गये त्यागपत्र को दिनांक 06 जुलाई, 2016 से स्वीकार करने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

सुधीर गर्ग
प्रमुख सचिव।

संख्या- 20/2016/सीपी 524/84-2-2016-सीपी 12/2011, तददिनांक

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) निबन्धक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ0प्र0, सी-1, विक्रान्तखण्ड-1, गोमतीनगर, लखनऊ।
(2) जिलाधिकारी, गाजियाबाद।
(3) कोषाधिकारी, गाजियाबाद।
(4) कार्यालय, जिला उपभोक्ता फोरम, गाजियाबाद (द्वारा निबन्धक, राज्य आयोग)।
(5) श्रीमती प्रीति त्रिपाठी पत्नी श्री अरविन्द चतुर्वेदी, डी-59/371, जयप्रकाश नगर, सिगरा, वाराणसी।
(6) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रेम शंकर राय
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।